आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 11.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने पदभार ग्रहण किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून के मद्देनज़र 15 जून से पहले सभी तैयारियां पूरी करने को कहा है।
- उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र अगले शैक्षणिक वर्ष से साल में दो बार प्रवेश ले सकेंगे, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने लिया निर्णय।
- चारधाम यात्रा पर उत्तराखण्ड पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा बीस लाख के पार।

केंद्रीय मंत्री पदभार

नवगठित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के कई केंद्रीय मंत्रियों ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। आज पदभार ग्रहण करने वालों में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रमुख हैं। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। पत्रकारों से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर ला दिया है। वहीं, डॉ. एल. मुरुगन ने भी आज सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया।

अजय टम्टा

इस बीच, अल्मोड़ा से सांसद अजय टम्टा ने सड़क व परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री का पद मिलने पर प्रधानमंत्री और पार्टी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सड़क और परिवहन के क्षेत्र में सरकार ने बेहतर काम किया है। श्री टम्टा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केद्र सरकार ने विकास की जो गति देश को दी है उसमें वे भी अपना पूरा योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी मानसून के मद्देनजर 15 जून से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने मानसून सीजन में मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में मानसून की तैयारियों की बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अल्मोड़ा जिले के सरियापनी में राज्य आपदा मोचन बल–एसडीआरएफ बटालियन खोलने के निर्देश। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को भूस्खलन वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से कार्ययोजना बना ली जाएं। मुख्यमंत्री ने मॉनसून के दौरान पर्वतीय जिलों में आवश्यक दवाओं, खाद्य सामग्री और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में रखने के भी निर्देश दिए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को मनाए जाने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर देश में बड़ा उत्साह है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि योग एक शाश्वत अभ्यास है जो एकता और सद्भाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने विविध संस्कृतियों और क्षेत्रों को जोड़ने की उल्लेखनीय क्षमता पर प्रकाश डाला और कहा कि योग ने समग्र कल्याण की खोज में दुनिया भर में लाखों लोगों को एकजुट किया है। श्री मोदी ने कहा कि हर किसी को योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग शांति और धैर्य के साथ जीवन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा कीं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि ये वीडियो लोगों को योग का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

## उपचुनाव

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने आज सचिवालय में चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव के दौरान मतदाता की पहचान के लिए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ ही 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का प्रयोग भी किया जा सकता है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपचुनाव के दौरान शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों को अगले शैक्षणिक वर्ष से साल में छात्रों को दो बार प्रवेश देने की अनुमति देने का नीतिगत निर्णय लिया है। वर्तमान में यूजीसी एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति देता हैं। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा कि इससे उन छात्रों को अधिक फायदा मिलेगा, जिनके बोर्ड परिणामों की घोषणा में देरी हो जाती है या जो स्वास्थ्य समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट स्नातक 2024 के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने पांच मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोड़कर अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र और गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में इस साल चारधाम यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। दस मई से शुरू हुई इस पवित्र तीर्थयात्रा में सिर्फ एक महीने में बीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धाम के दर्शन किये हैं। तीर्थयात्रियों में सबसे अधिक उत्साह केदारनाथ यात्रा को लेकर नजर आ रहा है। इस धाम में सात लाख 80 हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने बाबा केदार की पूजा–अर्चना की है। वहीं, बदरीनाथ धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा पांच लाख के पार पहुंच गया है। साथ ही उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में सात लाख बीस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पूजा–अर्चना की है। इसके अतिरिक्त, चमोली जिले में स्थित सिखों के प्रसिद्ध धाम हेमकुण्ड साहिब में 55 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं।

शिक्षक भर्ती

प्रदेशभर में प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों पर जिलावार प्रथम चरण भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद प्रदेशभर में शिक्षकों के दूसरे चरण में भर्ती विज्ञापन जारी किया जाएगा। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इससे राज्य की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में उत्तराखंड के मूल निवासी ही हिस्सा ले सकेंगे।

मौसम

राज्य के मैदानी हिस्सों में भीषण गर्मी और कहीं–कहीं लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों में अत्यधिक गर्मी रहेगी। पिछले कुछ दिनों से राज्य के तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है और इसके और अधिक बढने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घण्टों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में अधिकतम तापमान चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पिछले चौबीस घण्टों में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान रूड़की में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। इस बीच, अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों से अनावश्यक रूप से दोपहर के समय बाहर न निकलने की सलाह दी है।

गणेश जोशी

प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेशी जोशी ने आज पंतनगर में पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों से भेंट कर आर्मी कैंटीन और प्रशिक्षण भवन निर्माण सहित अन्य मुद्‌दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर पूर्व सैनिकों की मांगों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बिंदुखत्ता शहीद स्मारक के निर्माण के लिए वन विभाग की अनुमति मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सैनिकों के सम्मान और उनके परिवार के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है और इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।